
# योगी की दो टूक नहीं बचेंगे अपराधी



- 500 साल इंतजार किया, 15 दिन और कर लीजिए
- राम भक्तों से संयम और धैर्य रखने की अपील

**अयोध्या, 19 जून. राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों और इसे लेकर चल रही एसआईटी जांच के बीच शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार इस पूरे मामले पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी.**

अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की और जांच प्रक्रिया पर भरोसा जताने को कहा. मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि राम मंदिर के लिए देश ने लगभग 500 वर्षों तक प्रतीक्षा की है, ऐसे में यदि किसी मामले की जांच चल रही है तो कुछ दिनों का और इंतजार किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि एसआईटी की जांच ट्रस्ट के अनुरोध पर गठित की गई है और जांच एजेंसी निष्पक्ष रूप से तथ्यों का खुलासा करेगी. सीएम ने भरोसा जताया कि जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा तथा यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

सीएम योगी ने इस दौरान लोगों से अपील की कि जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की बयानबाजी या अफवाहों से बचा जाए, क्योंकि इससे जांच प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और राम भक्तों की भावनाएं भी आहत हो सकती हैं.

> सीएम योगी ने कहा कि यदि किसी के पास इस मामले से जुड़े दस्तावेजी सबूत हैं तो उन्हें सीधे एसआईटी को सौंपा जाना चाहिए. अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि कुछ लोग अयोध्या और राम जन्मभूमि को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं. ऐसे तत्वों के बहकावे में नहीं आना चाहिए. उनकी सरकार अयोध्या के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है . विवाद के बीच मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब राजनीतिक हलकों में इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है.

## आंध्र प्रदेश में पिता ने अपनी तीन बेटियों को जहर देने के बाद की खुदकुशी

**ओंगोल.** आंध्र प्रदेश में प्रकाशम जिले के चीमाकुर्थी मंडल के केवी अग्रहारम गांव में एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपनी तीन पुत्रियों को ज़हर दे दिया और बाद में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि येकुला सुधाकर अपनी तीन पुत्रियों के साथ रह रहा था, क्योंकि उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गयी थी. पारिवारिक झगड़ों से परेशान होकर, 35 वर्षीय सुधाकर ने अपनी तीन पुत्रियों अच्युता (13), पूजिता (11) और लोहिता (8) को जहर दे दिया. तीनों लड़कियों की मौत हो गयी. इसके बाद सुधाकर एक खेत में गया और पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली.

# अभिषेक ने स्पीकर से की 20 सांसदों की अयोग्यता की मांग



नई दिल्ली, 19 जून. तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रहे राजनीतिक विवाद ने अब संसद तक दस्तक दे दी है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर 20 बागी सांसदों के खिलाफ अयोग्यता की कार्रवाई की मांग की है. यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब पार्टी में कथित विभाजन और नए राजनीतिक गठन को लेकर अटकलें तेज हैं। बैठक के बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पार्टी छोड़ने या नई राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने वाले सांसदों के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कार्रवाई की मांग की गई है.

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के मददगार दो लोगों को दबोचा

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों की मदद करने के आरोप में एक सरकारी कर्मचारी सहित दो मददगारों को गिरफ्तार किया है. किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने आतंकवादियों को सुविधाएं देने में कथित संलिप्तता के लिए वन विभाग के एक सरकारी कर्मचारी तारिक अहमद गिनू और उसके सहयोगी मोहम्मद इकबाल को गिरफ्तार किया है. ये दोनों तंदेर, दच्छन, किश्तवाड़ के निवासी हैं. उन्होंने बताया कि इससे पहले चतरू के रहने वाले मुनीर अहमद और मशकूर अहमद को अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था.

## एक नजर में



### नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे तीन युद्धपोत

नई दिल्ली. देश में ही बने अग्रिम पंक्ति के तीन युद्धपोतों दुनागिरि, संशोधक और अग्रय को रविवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा. रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐतिहासिक समारोह में इन युद्धपोतों को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे. भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किये गये तथा कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित ये पोत समुद्री युद्ध, जलसर्वेक्षण तथा पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता से लैस होंगे. संतुलित क्षमता - विकास दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जो गहरे समुद्री अभियानों को सुदृढ़ करने, समुद्री क्षेत्र जागरूकता बढ़ाने तथा तटीय जलक्षेत्रों को उभरते खतरों से सुरक्षित रखने में सहायक हैं.

### हिजबुल्लाह को चुकानी होगी भारी कीमत

वाशिंगटन. अमेरिका ने ईरान को संदेश दिया है कि इजराइल फिलहाल लेबनान में अपने सैन्य हमलों का विस्तार नहीं करेगा. ट्रम्प प्रशासन का उद्देश्य ईरान के साथ परमाणु मुद्दे पर चल रही वार्ता को फिर से आगे बढ़ाना बताया जा रहा है. सूत्रों के मुताबिक इजराइल ने भी फिलहाल अपने सैन्य अभियान को सीमित रखने पर सहमति जताई है, हालांकि यह स्थिति हिजबुल्लाह के अगले कदम पर निर्भर करेगी. इजराइली पक्ष का कहना है कि यदि हिजबुल्लाह हमले बंद करता है, तो क्षेत्र में तनाव और आगे नहीं बढ़ेगा. इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ा बयान देते हुए कहा है कि हिजबुल्लाह को अपने हालिया हमलों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.

# कोई राजा या शासक नहीं, कोई दास या प्रजा नहीं : ओबामा

**ओबामा ने ट्रंप के नीतियों की आलोचना की**

**शिकागो, 19 जून. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यहां ओबामा प्रेसिडेंशियल सेंटर के उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर परोक्ष रूप से निशाना साधा.**

श्री ओबामा ने गुरुवार को कोई राजा या शासक नहीं, कोई दास या प्रजा नहीं के अमेरिकी आदर्श पर जोर दिया. यह बयान हाल के महीनों में देश भर में हुए नो किंग (राजा नहीं चाहिए) विरोध प्रदर्शनों और रैलियों की गूंज को दर्शाता है. श्री ओबामा ने मिनेसोटा राज्य के मिनियापोलिस के निवासियों की प्रशंसा करते हुए श्री ट्रंप की प्रवासन (इमिग्रेशन) नीति पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधा। लोगों ने अपनी सुरक्षा को जोखिम में डालते हुए कड़ाके की ठंड का सामना किया और अपने पड़ोसियों तथा अजनबियों की मदद के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे क्योंकि वे जानते थे कि ऐसा करना ही सही है. नया केंद्र यह साबित करेगा कि हमारा लोकतंत्र वास्तव में कितना मूल्यवान है. वे पहली बार 1985 में 23 वर्ष की आयु में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में शिकागो आए थे.

# राहुल ने सबसे कमजोर वर्गों के हितों की आवाज बुलंद की है : खरगे

**नई दिल्ली, 19 जून. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संविधान के आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और संघर्ष लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बना है.**

श्री खरगे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि कांग्रेस की समावेसिता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और करुणा की परंपरा श्री गांधी के सार्वजनिक जीवन और नेतृत्व में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है. लोगों के बीच लगातार सक्रिय रहने और सत्ता के सामने सच बोलने के साहस के माध्यम से श्री गांधी ने हमेशा समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्गों के हितों की आवाज बुलंद की है.श्री गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शक्ति और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी.



खरगे ने राहुल गांधी के दी जन्मदिन पर शुभकामनाएं

# सीएम शुभेंदु ने रन फॉर योग का नेतृत्व किया

**30 हजार लोगों ने भाग लिया फिटनेस का संदेश दिया**

**5 सौ नावों पर सूर्यास्त के बाद चलाएंगे विशेष अभियान**

**कोलकाता, 19 जून. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यहां रेड रोड पर 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य समारोह की तैयारियों के तहत शुक्रवार को शहर के मध्य क्षेत्र से होकर गुजरने वाली दो किलोमीटर की मैराथन का नेतृत्व किया.**

यह मैराथन कोलकाता नगर निगम (केएमसी) मुख्यालय से शुरू होकर ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग पर जाकर समाप्त हुई. रन फॉर योग मैराथन को मुख्यमंत्री ने केएमसी मुख्यालय के सामने बने एक मंच से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस मैराथन में आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री



प्रतापराव जाधव, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इंद्रनील खान, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तापस रॉय और शहरी विकास एवं नगर मामलों की मंत्री अग्निमित्रा पॉल सहित कई मंत्रियों ने भाग लिया. खेल जगत की जानी-मानी हस्ती लिएंडर पेस ने भी मैराथन और योग सत्र में हिस्सा लिया.

> मैराथन का मार्ग एस एन बनर्जी, एस्प्लेनेड और बेंटिंक स्ट्रीट सहित शहर के कुछ सबसे व्यस्त इलाकों से होकर गुजरा और अंत में राइटर्स बिल्डिंग पर एक सामूहिक योग सत्र में बदल गया. मुख्य कार्यक्रम से पहले आयोजित इस आयोजन में 30,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और फिटनेस तथा एकता का संदेश दिया. आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कल सूर्यास्त के बाद 500 नावों पर योग के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा. उन्होंने लोगों से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए गंगा नदी के दोनों किनारों पर खड़े होने का भी आग्रह किया. मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा, ड्रोन के जरिये योग के प्रदर्शन से कोलकाता जगमगा उठेगा. यह शहर योग दिवस मनाने का एक ऐतिहासिक और असाधारण रिकॉर्ड देखेगा. यह शहर योग दिवस के पिछले 11 वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा.

## आज का इतिहास

1837 : क्वीन विक्टोरिया मात्र 18 साल की उम्र में ब्रिटेन की महारानी बनी. 1901 तक वे इस पद पर रहीं.

1840 : सैमुएल मोर्स को टेलीग्राफ का पेटेंट मिला था.

1858 : ग्वालियर के किले पर ब्रिटिश सेना का कब्जा और इसके साथ ही सिपाही विद्रोह का अंत हुआ.

1873 : भारत में वाई.एम.सी.ए. की स्थापना.

1916 : पुणे में एस.एन.डी.टी. महिला विश्विविद्यालय की स्थापना.

1958 : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का जन्म हुआ.

1990 : ईरान में आए भूकंप से लगभग 40 हजार लोग मारे गए.


1991 : बर्लिन को जर्मनी की राजधानी का फैसला हुआ.

## हस्तियों के ट्वीट



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि उत्तराखंड की प्रसिद्ध देहरादून लीची ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक और उपलब्धि हासिल की है. कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के सहयोग से देहरादून लीची की पहली खेप इटली निर्यात की गई है। यह कदम भारतीय कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने संघर्ष और सपनों से भरे शुरुआती दिनों को याद किया। ओबामा ने लिखा कि समय पहले वह एक युवा के रूप में शिकागो पहुंचे थे,वह अपने जीवन का उद्देश्य तलाश रहे थे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की इच्छा रखते थे. ओबामा लिखा कि 40 साल से भी ज़्यादा समय पहले, मैं एक आइडिया की तलाश में शिकागो आया था.



# लेबनान पर इजराइल का बड़ा एयरस्ट्राइक, 18 लोगों की मौत

शांति समझौते के बाद भी हमले से बाज नहीं आ रहा इजराइल

**नई दिल्ली, 19 जून. पश्चिम एशिया में एक बार फिर तनाव तेज हो गया है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते की खबरों के ठीक अगले दिन इजराइल और लेबनान के बीच हिंसा ने हालात को गंभीर बना दिया है.**

इजराइली हवाई हमलों में लेबनान के 18 लोगों की मौत हो गई है , जबकि क्षेत्र में व्यापक सैन्य कार्रवाई जारी है. इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात से लेकर अब तक दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है. सेना के अनुसार इन हमलों में हिजबुल्लाह के कई लड़ाके मारे गए हैं और उनके सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है.

## जम्मू-कश्मीर में कुर्क की तस्कर की संपत्ति

**जम्मू, 19 जून.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को सांबा जिले में एक बड़ी कार्रवाई के तहत मादक पदार्थ तस्कर की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली. एक आधिकारी ने बताया कि नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के तहत पुलिस ने विजयपुर के थलोरी के रहने वाले कुख्यात तस्कर नारायण शर्मा उर्फ शून्ना की 2.08 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति को कुर्क कर मादक पदार्थों के नेटवर्क को करारा झटका दिया है.


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

प्रॉपर्टी फॉर सेल

विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mphousing.in/www.mphidb.mponline.gov.in एवं एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर सुविधा उपलब्ध।

संभाग शहडोल के अंतर्गत नर्मदा परिसर कॉलोनी धनपुरी (बुढ़ार) जिला शहडोल ई-ऑफर के माध्यम से आवासीय भवन क्रय करने का सुनहरा अवसर

ई-ऑफर 20.07.2026 तक आमंत्रित।

| क्र. | योजना का नाम | भवन क्रमांक | उपलब्ध भवनों की संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का प्लिंथ एरिया (व.मी.) | भूखण्ड का अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रु./ जीएसटी सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नर्मदा परिसर धनपुरी (बुढ़ार) जिला शहडोल (यथास्थिति में विक्रय) | | | | | | | | |
| 1. | HIG (Sr.) A | 2, 3, 4 | 3 | 142.50 | 79.68 | 38.23 | 7.64 | 1180/- |
| 2. | HIG (Sr.) A | 5, 6 7, 8, 10, 12 | 6 | 142.50 | 79.68 | 33.63 | 6.73 | 1180/- |
| 3. | HIG (Sr.) A | 17, 18, 21, 22, 23, 24 | 6 | 142.50 | 79.68 | 33.52 | 6.71 | 1180/- |
| 4. | HIG (Sr.) A | 14, 16 | 2 | 142.50 | 79.68 | 25.15 | 5.03 | 1180/- |
| 5. | HIG (Sr.) A | 19, 20 | 2 | 142.50 | 79.68 | 34.07 | 6.81 | 1180/- |
| 6. | HIG (Sr.) A | 25, 26 | 2 | 142.50 | 79.68 | 24.15 | 4.83 | 1180/- |
| 7. | HIG (Sr.) A | 27, 29, 30 | 3 | 142.50 | 79.68 | 23.86 | 4.77 | 1180/- |
| 8. | HIG (Sr.) A | 31, 32 | 2 | 142.50 | 79.68 | 25.20 | 5.04 | 1180/- |
| 9. | HIG (Sr.) A | 33, 34 | 2 | 142.50 | 79.68 | 26.82 | 5.37 | 1180/- |
| 10. | HIG (Sr.) A | 35, 36 | 2 | 142.50 | 79.68 | 24.34 | 4.87 | 1180/- |
| 11. | HIG (Sr.) A | 37, 38, 43, 44 | 4 | 142.50 | 79.68 | 27.06 | 5.41 | 1180/- |
| 12. | HIG (Sr.) A | 39, 40 | 2 | 142.50 | 79.68 | 28.64 | 5.73 | 1180/- |
| 13. | HIG (Sr.) A | 41, 42 | 2 | 142.50 | 79.68 | 29.87 | 5.97 | 1180/- |
| 14. | HIG (Sr.) A | 45, 46 | 2 | 142.50 | 79.68 | 34.26 | 6.85 | 1180/- |
| 15. | HIG (Sr.) A | 47, 48 | 2 | 142.50 | 79.68 | 15.25 | 3.05 | 1180/- |
| 16. | HIG (Sr.) A | 49, 50, 51, 52 | 4 | 142.50 | 79.68 | 33.32 | 6.67 | 1180/- |
| 17. | HIG (Sr.) A | 53, 54 | 2 | 142.50 | 79.68 | 29.38 | 5.88 | 1180/- |
| 18. | HIG (Sr.) A | 55, 56 | 2 | 142.50 | 79.68 | 32.55 | 6.51 | 1180/- |
| 19. | HIG (Sr.) A | 57, 58, 59, 60 | 4 | 142.50 | 79.68 | 15.98 | 3.20 | 1180/- |
| 20. | HIG (Sr.) A | 9 | 1 | 142.50 | 79.68 | 24.37 | 4.87 | 1180/- |
| 21. | HIG (Sr.) A | 11 | 1 | 142.50 | 79.68 | 24.71 | 4.94 | 1180/- |
| 22. | HIG (Sr.) A | 13, 15 | 2 | 142.50 | 79.68 | 28.83 | 5.77 | 1180/- |
| 23. | HIG (Sr.) A | 28 | 1 | 142.50 | 79.68 | 24.23 | 4.85 | 1180/- |
| 24. | HIG (Dx) | 8, 9 | 2 | 112.50 | 56.25 | 31.64 | 6.33 | 1180/- |
| 25. | HIG (Dx) | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 13, 14, 15, 16 | 11 | 112.50 | 56.25 | 14.52 | 2.91 | 1180/- |
| 26. | HIG (Dx) | 10 | 1 | 112.50 | 56.25 | 24.44 | 4.89 | 1180/- |
| 27. | HIG (Dx) | 11 | 1 | 112.50 | 56.25 | 20.77 | 4.16 | 1180/- |
| 28. | HIG (Dx) | 12, 17, 18, 19, 20 | 5 | 112.50 | 56.25 | 19.82 | 3.97 | 1180/- |
| 29. | HIG (Dx) | 21, 22, 23, 24, 25, 26 | 6 | 112.50 | 56.25 | 12.47 | 2.50 | 1180/- |
| 30. | HIG (Dx) | 27 | 1 | 112.50 | 56.25 | 20.73 | 4.15 | 1180/- |
| 31. | HIG (Dx) | 28, 30 | 2 | 112.50 | 56.25 | 20.62 | 4.13 | 1180/- |
| 32. | HIG (Dx) | 29 | 1 | 112.50 | 56.25 | 20.67 | 4.14 | 1180/- |
| 33. | HIG (Dx) | 31 | 1 | 112.50 | 56.25 | 21.61 | 4.33 | 1180/- |
| 34. | HIG (Dx) | 32 | 1 | 112.50 | 56.25 | 21.18 | 4.23 | 1180/- |
| 35. | HIG (Dx) | 33, 34 | 2 | 112.50 | 56.25 | 20.89 | 4.18 | 1180/- |
| 36. | HIG (Dx) | 35, 36 | 2 | 112.50 | 56.25 | 22.14 | 4.43 | 1180/- |
| 37. | HIG (Dx) | 37, 38 | 2 | 112.50 | 56.25 | 19.60 | 3.92 | 1180/- |
| 38. | HIG (Dx) | 39, 40 | 2 | 112.50 | 56.25 | 19.44 | 3.89 | 1180/- |
| 39. | HIG (Dx) | 41, 42, 43 | 3 | 112.50 | 56.25 | 15.79 | 3.16 | 1180/- |
| 40. | HIG (Dx) | 44, 45, 46, 47, 48, 49 | 6 | 112.50 | 56.25 | 15.51 | 3.11 | 1180/- |
| 41. | HIG (Dx) | 50, 51, 52 | 3 | 112.50 | 56.25 | 15.38 | 3.08 | 1180/- |
| 42. | HIG (Dx) | 53, 54, 55, 56, 57 | 5 | 112.50 | 56.25 | 12.63 | 2.53 | 1180/- |
| 43. | MIG (Jr.) A | 2 | 1 | 97.50 | 58.00 | 30.47 | 6.10 | 1180/- |
| 44. | MIG (Jr.) A | 3 | 1 | 97.50 | 58.00 | 19.26 | 3.86 | 1180/- |
| 45. | MIG (Jr.) A | 4 | 1 | 97.50 | 58.00 | 18.66 | 3.73 | 1180/- |
| 46. | MIG (Jr.) A | 5, 6 | 2 | 97.50 | 58.00 | 17.71 | 3.54 | 1180/- |
| 47. | MIG (Jr.) A | 7, 8, 9, 10 | 4 | 97.50 | 58.00 | 11.95 | 2.39 | 1180/- |
| 48. | MIG (Jr.) A | 11, 12, 13, 14 | 4 | 97.50 | 58.00 | 10.68 | 2.14 | 1180/- |
| 49. | MIG (Jr.) B | 1, 2, 3, 4, 5 | 5 | 78.00 | 46.80 | 23.21 | 4.64 | 1180/- |
| 50. | MIG (Jr.) B | 6 | 1 | 78.00 | 46.80 | 21.32 | 4.27 | 1180/- |
| 51. | MIG (Jr.) B | 7 से 12 | 6 | 78.00 | 46.80 | 9.96 | 2.00 | 1180/- |
| 52. | MIG (Jr.) B | 13, 14, 15 | 3 | 78.00 | 46.80 | 9.25 | 1.85 | 1180/- |
| 53. | MIG (Jr.) B | 16 | 1 | 78.00 | 46.80 | 14.21 | 2.84 | 1180/- |
| 54. | MIG (Jr.) B | 17 | 1 | 78.00 | 46.80 | 13.94 | 2.79 | 1180/- |
| 55. | MIG (Jr.) B | 18 | 1 | 78.00 | 46.80 | 13.71 | 2.74 | 1180/- |
| 56. | MIG (Jr.) B | 19 | 1 | 78.00 | 46.80 | 13.60 | 2.72 | 1180/- |
| 57. | MIG (Jr.) B | 20, 21, 22 | 3 | 78.00 | 46.80 | 12.96 | 2.59 | 1180/- |
| 58. | MIG (Jr.) B | 23 | 1 | 78.00 | 46.80 | 13.24 | 2.65 | 1180/- |
| 59. | EWS | 5, 6, 7, 8, 9, 10 | 6 | 40.00 | 26.05 | 10.27 | 2.06 | 1180/- |
| 60. | EWS | 11, 12, 13 | 3 | 40.00 | 26.05 | 8.20 | 1.65 | 1180/- |
| 61. | EWS | 14 से 19 | 6 | 40.00 | 26.05 | 8.22 | 1.64 | 1180/- |
| 62. | EWS | 20 से 23 | 4 | 40.00 | 26.05 | 8.31 | 1.66 | 1180/- |
| 63. | EWS | 24, 25 | 2 | 40.00 | 26.05 | 8.38 | 1.68 | 1180/- |
| 64. | EWS | 26, 27, 28 | 3 | 40.00 | 26.05 | 8.27 | 1.66 | 1180/- |
| 65. | EWS | 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36 | 8 | 40.00 | 26.05 | 7.37 | 1.48 | 1180/- |
| 66. | EWS | 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44 | 8 | 40.00 | 26.05 | 7.43 | 1.49 | 1180/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने हेतु अंतिम तिथि 20.07.2026 तक। | ऑफर डालने की अंतिम तिथि 21.07.2026 सायं 05.00 बजे तक। | ऑफर खोलने की तिथि 22.07.2026 समय दोपहर 3.00 बजे। | M.P. Online Helpline No. : 0755-6720200 |

नोट :- (1) मण्डल एवं शासन नियमानुसार अधिरोपित कर पृथक से देय होंगे। स्थानीय निकास द्वारा उक्त भवन भूखण्ड पर भारित बकाया संपूर्ण संपत्तिकर एवं अन्य कर आवंटी को स्वयं भुगतान करना होगा। (2) स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराने पर अथवा नियत समयावधि में बकाया राशि जमा न करने पर 50 प्रतिशत धरोहर राशि काटकर शेष राशि वापस की जावेगी। (3) मण्डल शासन के विस्तृत नियम एवं शर्तें प्रक्रिया वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध है। किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी एवं किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र शहडोल रहेगा। (4) ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व भवन एवं भूखण्ड का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। भवन एवं भूखण्ड यथास्थिति में लीज होल्ड आधार पर विक्रय किये जा रहे हैं।

संपर्क : अलका सिंह पटेल (उपयंत्री) मो. 8889833692, व्ही.के. त्रिपाठी (संपदा प्रबंधक) मो. 7697333130, आर.पी. वर्मा (सहायक यंत्री) मो. 9406912140

कार्यालय का पता : न्यू बस स्टैण्ड रोड, विजय श्री होटल के पास, शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)

आर.पी. वर्मा (संपदा अधिकारी) मो. 9406912140

म.प्र. माध्यम/126488/2026

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on f/mphidb X/mphidb


# भारत-बांग्लादेश घटना पर छिड़ी ऑनलाइन जंग

- भारत-बांग्लादेश रिश्तों पर सोशल मीडिया विवाद
- ट्विटर पर गरमाया माहौल राई का पहाड़ बनी बहस

**नई दिल्ली, 19 जून. पिछले सप्ताह भारत और बांग्लादेश से जुड़ी दो अलग-अलग घटनाओं को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर ( अब एक्स ) पर भारी बहस देखने को मिली, जहां दोनों देशों के उपयोगकर्ताओं ने इन घटनाओं को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दीं.**

विश्लेषकों का मानना है कि इन घटनाओं का आपस में कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था, फिर भी डिजिटल स्पेस में इनसे जुड़ी चर्चाओं ने दोनों देशों के बीच भावनात्मक और राजनीतिक संवेदनशीलता को फिर से उजागर कर दिया. पहली घटना बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त के रूप में तैनात एक वरिष्ठ राजनयिक के ढाका आगमन से जुड़ी रही, जिन्होंने औपचारिक प्रोटोकॉल से हटकर पैदल सीमा पार कर बांग्लादेश में प्रवेश किया. इस प्रतीकात्मक कदम को दोनों देशों के बीच नजदीकी और जन-स्तरीय संपर्कों को मजबूत करने के संदेश के रूप में देखा गया. अपने संबोधन में उन्होंने साझा सांस्कृतिक विरासत और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए दोनों देशों के साझा भविष्य पर बल दिया. हालांकि, सोशल मीडिया पर बयान और यात्रा को लेकर प्रतिक्रियाएं विभाजित रहीं. औपचारिक प्रक्रियाओं और दस्तावेजों की जटिलताओं के कारण हुई देरी के बाद मामला सुलझ भी गया.इस घटना ने भी सोशल मीडिया पर कूटनीतिक बहस को जन्म दे दिया.

**प्रतिक्रियाओं ने ट्विटर पर बहस को किया तेज**

बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक और धार्मिक समूहों ने इसे भारत के प्रभाव बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा, जबकि अन्य वर्गों ने इसे सौहार्द बढ़ाने की पहल बताया. इसी तरह की प्रतिक्रियाओं ने ट्विटर पर बहस को और तेज कर दिया. दूसरी घटना दिल्ली हवाई अड्डे से जुड़ी रही, जहां बांग्लादेश के एक वरिष्ठ सरकारी सलाहकार की यात्रा दस्तावेजों और प्रवेश प्रक्रिया को लेकर अस्थायी असुविधा की स्थिति बनी.


**MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
26, Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Board/Const/PC/DVI-2/IInd Call/2025-26/236
Bhopal, Dated : 19.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER (IInd CALL)**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Selection of an EPC Contractor for turnkey implementation of an AI-based voice-enabled communication and broadcasting system with audio-visual advisory devices for farmers across APMCs of Madhya Pradesh for 24 months. **(Tender Number : 2026_MPSAM_514518) (PAC amount Rs. 2533.41 Lakh).** The following Tender to be received online **up to 5:30 PM on Dated 08.07.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received Online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained Online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only on above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P.M./126486/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)**